Annual meeting of Mega Cities Coordinators

1590. SHRIMATI VEENA VERMA: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the fifth annual meeting of mega cities coordinators was recently held in the capital;

(b) whether Government have received any proposals from the coordinators for solving the problems of the big cities in India and if so, what are the details thereof; and

(c) what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) In view of (b) above, does not arise.

उत्तर प्रदेश में नागरिक सुविधाओं के लिए निधियां

1591. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में नागरिक सुविधाओं में सुधार करने के लिए सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम तीन वर्षों के दौरान कितनी राशि आवंटित की गई और वास्तव में कितनी राशि खर्च की गई; और

(ख) उत्तर प्रदेश में नागरिक सुविधाओं में सुधार करने सम्बन्धी केन्द्रीय योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) नागरिक सुविधाओं का उत्तरदायित्व संबंधित स्थानीय निकायों का होता है। ये स्थानीय निकाय संबंधित राज्य सरकारों के परामर्श से अपनी योजनाएं तैयार करते हैं। राज्य सरकारें अपनी ओर से शहरी मलिन बस्तियों का पर्यावरणीय सुधार, शहरी बुनियादी सेवाएं आदि सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत तथा हुडको, जीवन बीमा निगम आदि जैसे वित्तीय संस्थाओं से ऋण उपलब्ध कराने के माध्यम से इन स्थानीय निकायों को सहायता प्रदान करते हैं। भारत सरकार केवल एक नोडल भूमिका निभाती है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली में मकानों का आवंटन

1592. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्री रामदास अग्रवाल :

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण 1979 में पंजीकृत सभी लोगों को इस वर्ष भी मकानों का आवंटन कर पाने की स्थिति में नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो मकानों के लिए अपने नाम पंजीकृत कराने वाले लोगों की संख्या कितनी है और उन आवेदकों को मकान आवंटित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा औसतन कितने मकान बनाए गए और कितने आवंटित किए गए तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अब तक कुल कितने मकान बनाए हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) जी, हां।

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण के अनुसार, 31 मार्च, 1991 की स्थिति